लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3893
11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

तेलंगाना में पीएम मित्र पार्क योजना

3893. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेलंगाना के लिए किसी पीएम मित्र पार्क को मंजूरी दी गई है या प्रस्ताव दिया गया है;

(ख) वर्ष 2014 से पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क योजना, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और हथकरघा बुनकर व्यापक कल्याण योजना के अंतर्गत तेलंगाना में आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) एनएचडीपी और हथकरघा बुनकर व्यापक कल्याण योजना के अंतर्गत तेलंगाना में लाभार्थियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(घ) इन योजनाओं के माध्यम से तेलंगाना में कपड़ा और हथकरघा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या राज्य के लिए किसी अतिरिक्त वित्तीय सहायता या परियोजना का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय से 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (PM MITRA) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है। सरकार ने PM MITRA पार्कों की स्थापना के लिए वारंगल, तेलंगाना में एक पार्क सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया है।

(ख): साइट का चयन ब्राउनफील्ड श्रेणी के तहत किया गया था। मुख्य अवसंरचना के विकास के लिए पहले ही 300 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है। इस पार्क का औपचारिक उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 10.05.2026 को किया गया था। वर्तमान में, पार्क लगभग 548 एकड़ भूमि के साथ प्रचालनशील है, जिसे पहले से ही निवेशकों को आवंटित किया जा चुका है और वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो चुका है। एक बार पूरा होने के बाद, इस परियोजना से 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होने का अनुमान है। केवल मौजूदा प्रतिबद्धताओं के साथ, 24,400 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होने का अनुमान है। अपैरल इकाइयों में कार्यरत कार्यबल की एक सशक्त हिस्सेदारी महिलाओं की है। संरचित कौशल विकास कार्यक्रम और स्थानीय वरीयता नीतियां अनुसूचित जातियों (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) सहित युवाओं और कमजोर वर्गों के लिए लाभकारी रोजगार सुनिश्चित करते हैं, जिससे समावेशी क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलता है। हथकरघा क्षेत्र के संबंध में, राज्य-वार बजट आवंटित नहीं किया गया है। मौजूदा योजना दिशानिर्देशों के तहत व्यवहार्य प्रस्तावों की प्राप्ति के आधार पर पात्र हथकरघा एजेंसियों को निधि जारी की जाती है। राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (NHDP) के तहत वर्ष-वार बजट अनुमान और व्यय अनुबंध में दिया गया है।

(ग) से (ङ): वस्त्र मंत्रालय तेलंगाना सहित देश भर में हथकरघा क्षेत्र को सशक्त बनाने और हथकरघा कामगारों के कल्याण के लिए निम्नलिखित योजनाओं का संचालन कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (NHDP);
2. कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना (RMSS);

उपरोक्त योजनाओं के तहत, पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्ची सामग्री, उन्नत करघों और ऐसेसरीज की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड के निर्माण, कौशल विकास, उत्पाद विविधीकरण और डिजाइन नवाचार, तकनीकी और सामान्य अवसंरचना, इंडिया हैंडलूम ब्रांड (IHB), हैंडलूम मार्क (HLM) और जीआई टैग के माध्यम से प्रचार और ब्रांड विकास, ई-कॉमर्स सुविधाएं, घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में हथकरघा उत्पादों के विपणन, बुनकर मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, वर्ष 2014 से तेलंगाना में हथकरघा क्षेत्र को निम्नलिखित सहायता प्रदान की गई है:

- 21.29 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता से 35 लघु हथकरघा कलस्टरों को शुरू किया गया है जिससे 7,962 हथकरघा कामगार लाभांवित हुए हैं।
- हथकरघा उत्पादों की बिक्री को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के लिए 86 विपणन कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- उत्पादकता बढ़ाने, विपणन क्षमताओं में सुधार करने और बेहतर आय सुनिश्चित करने के लिए, 36 हथकरघा उत्पादक कंपनियों का गठन किया गया है।
- 8,604 लाभार्थियों को बुनकर मुद्रा योजना के तहत ऋण प्रदान किया गया।
- 52,149 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत नामांकित किया गया।
- परिवहन सब्सिडी और मूल्य सब्सिडी के तहत कुल 149 लाख किलोग्राम यार्न की आपूर्ति की गई।

अनुबंध

वित्तीय वर्ष	**राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीपी) (करोड़ रुपए में)**	
	बजट अनुमान	**व्यय**
2014-15	367.5	284.09
2015-16	192.05	189.83
2016-17	244.09	220.23
2017-18	184.74	182.87
2018-19	142.08	113.82
2019-20	166.71	149.14
2020-21	161.49	159.53
2021-22	165.50	165.37
2022-23	156.00	152.51
2023-24	190.00	186.36
2024-25	195.84	195.51
2025-26	234.84	234.32

***